हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

06 3 साल की कानूनी जंग के बाद नीतू परमार ने ...




07 उर्वरकों का विक्रय ई-विकास पोर्टल के माध्यम...






## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी संचालन समय में परिवर्तन

**नर्मदापुरम।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्र अब प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक आगामी आदेश तक संचालित किए जाएंगे। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दिनभर की गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। प्रातः 07:30 बजे केंद्र खोलकर बच्चों का स्वागत किया जाएगा तथा उनके साफ-सफाई का ध्यान रखा जाएगा।

### दो दिन में की गई 50 लाख रुपए की वसूली

**नर्मदापुरम।** जिला सहकारी बैंक द्वारा मार्केटिंग फेडरेशन की लंबित राशि के भुगतान हेतु वसूली अभियान को गति दी गई है। प्रमुख सचिव सहकारिता द्वारा भोपाल में आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत अप्रैल माह के अंत तक किसानों से वसूली कर 15 करोड़ रुपये का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के पालन में उपायुक्त सहकारिता द्वारा बैंक मुख्यालय में क्षेत्रीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

### पुलिस टीम पर भी हमला, आरक्षक पर 9 वार, आरोपी बाप-बेटे फरार, तलाश जारी

# नर्मदापुरम में शादी की दावत में विवाद, चाकूबाजी में एक की मौत

शिवपुर थाना क्षेत्र में शादी समारोह में हुए खूनी विवाद मामले में एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक गंभीर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नाहरकोला में रविवार रात एक शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। चाकूबाजी की इस सनसनीखेज घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि छह ग्रामीण घायल हो गए। घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर भी हमला किया गया, जिसमें एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरे मामले के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

### भोजन के लिए बुलाने पर शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार ग्राम नाहरकोला में रामनारायण कीर के भतीजे का विवाह समारोह चल रहा था। इसी दौरान गांव का ही अमर सिंह कीर शराब के नशे में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। परिवारजनों द्वारा उसे भोजन करने के लिए बुलाया गया, जिस पर वह नाराज हो गया और विवाद करने लगा। मौजूद लोगों ने समझाइश देकर उसे वहां से भेज दिया।



### गांव में तनाव, पुलिस तैनात

घटना के बाद ग्राम नाहरकोला में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।

### पुलिस पर भी जानलेवा हमला

घटना की सूचना मिलने के बाद रात करीब 1 बजे थाना प्रभारी केएन रजक के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपियों को पकड़ने पहुंची। इस दौरान आरोपी भागने लगे। आरक्षक ओम जाट ने बहादुरी दिखाते हुए आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, तभी आरोपियों ने उन पर चाकू से लगातार 9 वार कर दिए। आरक्षक के पेट, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उनका उपचार जारी है और हालत स्थिर बताई जा रही है।

### चाकू और डंडों से किया हमला

कुछ देर बाद अमर सिंह अपने बेटे लोकेश के साथ वापस लौटा। दोनों के हाथों में चाकू और डंडे थे। आते ही उन्होंने शादी समारोह में मौजूद लोगों पर हमला शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

### बीच-बचाव में गई जान

हमले के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे दौलत कीर पर आरोपियों ने ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रामनारायण, जयनारायण, क्षमा कीर सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### दो अलग-अलग मामले दर्ज

एसपी सांई कृष्णा एस थोटा ने बताया कि शादी समारोह में हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत हुई है। आरोपियों द्वारा पुलिस टीम पर हमला किए जाने के बाद हत्या और हत्या के प्रयास सहित दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें रवाना कर दी गई हैं।

# सात लाख की चोरी का खुलासा मां व बेटा को गिरफ्तार किया

### पुलिस को मिली बड़ी सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर जेवर चोरी करने वाली एक सनसनीखेज वारदात का महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक महिला और उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में लेकर करीब 7 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए हैं।

बालागंज क्षेत्र की निवासी फरियादिया जैनब खान ने 19 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 अप्रैल को उन्होंने अपने सोने के जेवर हार, कंगन, अंगूठी, टॉप्स आदि अलमारी में रखे थे, जो गायब हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### कैसे पकड़ाए आरोपी?

पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच के दौरान एक 14-15 वर्षीय संदिग्ध बालक की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर बालक को सेठानी घाट स्थित काले महादेव मंदिर के पास से अभिरक्षा में लिया।

### चौंकाने वाला खुलासा

पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसने जेवर चोरी कर अपनी मां किरण बाई 45 वर्ष को दे दिए थे। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से साड़ी के पल्लू में छिपे हुए सभी आभूषण बरामद कर लिए। महिला को यह जानकारी थी कि माल चोरी का है, जिसके चलते उस पर भी कार्रवाई की गई।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस त्वरित कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, सउनि संजय रघुवंशी, आरक्षक पंकेश, गजेंद्र, सतीश और महिला आरक्षक अंजू उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है, जबकि अपचारी बालक को बाल सुधार गृह, बैतूल भेजा जा रहा है।

# जिले की तहसीलों से 190 से अधिक जोड़े बंधे विवाह बंधन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 199 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा श्री राम जानकी मंदिर, नंदरवाड़ा रोड पर आयोजित विवाह सम्मेलन में 24 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बस स्टैंड से निकली भव्य सामूहिक बारात के साथ हुई, जो गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर पहुंची। इसके पश्चात गायत्री पद्धति से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार कराया गया। नवविवाहित जोड़ों ने सुखमय वैवाहिक जीवन का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था आस्था मंच की महिलाओं ने सहभागिता निभाते हुए नवविवाहित कन्याओं को विशेष उपहार भेंट किए। मंच की ओर से सभी कन्याओं को हार सेट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल एवं खुशहाल भविष्य की कामना की।

# सीएमओ ने किया सेठानी घाट से कोरी घाट तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सीएमओ हेमेश्वरि पटले ने वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत सेठानी घाट से लेकर कोरी घाट तक विशेष सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में तैनात सभी सफाई कर्मियों को नियमित सफाई बनाए रखने एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने हरियाली रोड पर संचालित अमृत योजना के कार्यों का भी जायजा लिया।



इस दौरान टूटी हुई पाइपलाइन को तत्काल सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

### ट्रांसफार्मर जलने पर एमपीईबी को दिए तुरंत सुधारने के निर्देश

**नर्मदापुरम।** ग्राम जासलपुर के किसान शिवनारायण कटारे की समस्या पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत प्रदान की है। किसान द्वारा अपने खेत का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले 7 दिनों से जला होने की शिकायत कलेक्टर के समक्ष रखी गई थी। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सिंचाई कार्य पूरी तरह बाधित हो गया था, जिससे फसल सूखने की स्थिति निर्मित हो गई थी। पीड़ित किसान ने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, किंतु समाधान में विलंब हो रहा था।

### जातिसूचक शब्दों के उपयोग पर क्रॉस केस दर्ज

**इटारसी।** तवानगर के इंदिरा चौक पुलिया के पास रविवार शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। एक पक्ष ने मारपीट के साथ-साथ जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। फरियादी भानुप्रताप अहिरवार 20 वर्ष निवासी चपरासी लाइन की रिपोर्ट पर आरोपी मेहबूब खान और जाहिद खान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। भानुप्रताप का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी जाति जानते हुए उसे मां-बहन की गंदी गालियां दीं और हाथ में पहने कड़े से उसके सिर पर वार कर चोट पहुंचाई। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं सहित एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से मेहबूब खान 19 वर्ष निवासी गांधी चौक की शिकायत पर भानुप्रताप अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मेहबूब का आरोप है कि भानुप्रताप ने उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से खत्म करने की धमकी दी। तवानगर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# राजस्व वसूली में लाएं तेजी, गन्ना चरखी संचालक जमा करें अनुमति शुल्कः सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर पालिका परिषद की राजस्व प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने और वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमेश्वरी पटले ने शनिवार को राजस्व शाखा की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में सीएमओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संपत्तिकर और जलकर की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

सीएमओ पटले ने आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से संपत्तिकर और जलकर की अधिकतम वसूली सुनिश्चित की जाए, ताकि बकायादारों को छूट का लाभ मिले और निकाय का राजस्व बढ़े। जलकर वसूली की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में अमृत योजना के तहत किए गए कनेक्शनों और अन्य अवैध नल कनेक्शनों के वैद्यीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। जो उपभोक्ता सहयोग नहीं करेंगे, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर में संचालित हो रही गन्ना चरखी दुकानों पर भी सख्ती दिखाई गई। सभी वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी दुकानों से संपर्क कर उनकी अनुमति राशि प्राथमिकता के आधार पर जमा करवाएं।

# पक्षियों के पीने के पानी के लिए वृक्षों पर लगाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान चलाया गया जिसमें कॉलेज एवं थाना परिसर के आसपास टाउन इंस्पेक्टर विजय सनस की अध्यक्षता में एवं मुख्य समाजसेवी मुकेश सराठे द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे वृक्षों पर लगाएं गए विजय सनस ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए समस्त जनता से निवेदन है कि दाना पानी अभियान चलाएं श्री मुकेश सराठे ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए नितांत आवश्यकता है इस पुण्य कार्य में सभी सहभागिता कर सकोरे लगाये बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मी मेहर ने बताया कि इस भीषण गर्मी में संस्था द्वारा विगत वर्षों से जल मंदिर प्याऊ एवं पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।




# परशुराम जयंती पर सर्व ब्राम्हण समाज ने किया 20 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज ने सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार (जनेऊ) कार्यक्रम का आयोजन श्री द्वारिकाधीश बड़े मंदिर के प्रांगण में किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न क्षेत्रों से आए 20 बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ धारण कर सनातन धर्म की इस महत्वपूर्ण परंपरा को अपनाया।

यज्ञोपवीत संस्कार समिति के संयोजक राजकुमार दुबे ने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित प्रभात शर्मा के सान्निध्य में यह कार्यक्रम पूर्णतः शास्त्र सम्मत विधि-विधान से हुआ। बटुकों को जनेऊ धारण कराने के साथ ही उन्हें गायत्री मंत्र और ब्राह्मण धर्म के कर्तव्यों की दीक्षा दी गई। इस सामूहिक आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि प्रदेश के विभिन्न शहरों से भी विप्र समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आगरा, भोपाल, खंडवा, हरदा, टिमरनी, सिवनी मालवा, होशंगाबाद, मिसरोद, रामपुर, जमानी और शाहगंज से विप्र शामिल हुए। यज्ञोपवीत कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जितेंद्र ओझा एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बटुकों को आशीर्वाद देते हुए समाज की इस पहल की सराहना की और इसे नई पीढ़ी को संस्कारों से जोडऩे वाला कदम बताया।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री अग्रवाल ने स्व.मिहानी को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल सोमवार शाम एक दिवसीय प्रवास पर इटारसी पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिहानी के भाई स्व. धर्मदास मिहानी के निवास पहुंचकर उनके भाई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पार्षद स्वर्गीय धर्मदास मिहानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अग्रवाल ने कहा कि धर्मदास का निधन कांग्रेस परिवार और स्थानीय राजनीति के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने मिहानी परिवार को ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डून पाण्डेय, सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष गजानन तिवारी, परमजीत सिंह लाली सलूजा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पार्षद कन्हैयालाल मिहानी आदि मौजूद रहे।


### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रयास सतत जारी

# मां नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त कराने जुटीं मातृशक्ति, शहर के चित्रगुप्त घाट पर चलाया जा रहा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा के पावन तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के पुनीत संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ समाज (मातृशक्ति) द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद समाज की महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने श्रमदान कर जन-जागरूकता का अनूठा उदाहरण पेश किया।स्वच्छता और जन-जागरूकता पर जोरअभियान के अंतर्गत घाट की सीढ़ियों पर जमी फिसलन भरी काई को पूरी तरह साफ किया गया। साथ ही, श्रद्धालुओं द्वारा घाट किनारे छोड़ी गई फूल-मालाएं, पुरानी पूजन सामग्री और भगवान के फोटो फ्रेम एकत्रित कर डस्टबिन में डाले गए। उपस्थित मातृशक्ति ने श्रद्धालुओं से मार्मिक अपील की कि वे पर्वों और विशेष तिथियों पर स्नान के दौरान मां नर्मदा में रसायन युक्त सामग्री और प्लास्टिक न डालें।नगर






पालिका उपाध्यक्ष ने उठाई जागरूकता की बातकार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कहा कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर डस्टबिन रखे जाते हैं, लेकिन जन-जागरूकता के अभाव में कई बार इन्हें नुकसान पहुँचाया जाता है। उन्होंने समाज से अपील की कि लोग स्वयं आगे आकर इन संसाधनों की निगरानी करें और स्वच्छता अभियान में अपना सक्रिय सहयोग दें।वर्षों से जारी है सेवा का संकल्पश्रीमती रितु श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति द्वारा विगत कई वर्षों से घाटों की स्वच्छता का यह सेवा कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का सौंदर्य और ऐतिहासिकता हमारे शहर की शान है, जिसे संजोना हर नागरिक का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर मातृशक्ति जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने भी मां नर्मदा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।अभियान के प्रमुख सहभागीइस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से रितु श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, प्रीति खरे, ज्योति वर्मा (जिला अध्यक्ष), रश्मि वर्मा, ममता तिवारी, जानकी, भारती और अदिति वर्मा शामिल रहीं। साथ ही पुरुष वर्ग से अभय वर्मा (नगर पालिका उपाध्यक्ष), राजेन्द्र श्रीवास्तव, विजय वर्मा (सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी), सीबी खरे, केशव देव वर्मा, लालता प्रसाद और आदित्य (गुड्डू) वर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाई।मां नर्मदा की निर्मलता ही हमारी पहचान है।

# नर्मदापुरम संभाग की गर्ल्स सीनियर क्रिकेट टीम घोषित

### जेएस आनंद ट्रॉफी की अनन्या दुबे को मिली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



इंदौर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित जेएस आनंद ट्रॉफी के लिए नर्मदापुरम क्रिकेट संघ ने गर्ल्स सीनियर टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। संभाग के सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि चेयरमैन दिलीप नामदेव और चयन समिति के सदस्यों द्वारा चुनी गई यह टीम इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है।

टीम की कमान अनन्या दुबे को सौंपी गई है, जबकि यामिनी बिल्लोरे विकेटकीपर की भूमिका में होंगी। टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में कल्याणी जाधव, माही ठाकुर, वान्या शुक्ला, सिद्धि दुबे, अजीता यादव, पल्लवी यादव, अनामिका सिंह, यामिनी सिंह, वेधै राजपूत, वैष्णवी सिंह, अलिशा यादव, पूर्वी वागद्रे और प्रतिष्ठा सेन शामिल हैं। टीम को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए कोच तनु रावत, सहायक कोच कृतिका चावरे और ट्रेनर शिवानी सांतोरे को नियुक्त किया गया है। एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा ने टीम की क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा कि इस बार टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं जो पूर्व में प्रदेश स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इस घोषणा के अवसर पर नर्मदापुरम क्रिकेट संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाया पोषण पखवाड़ा

**बैतूल।** भगत सिंह वार्ड क्रमांक 2 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। 9 अप्रेल से शुरू कार्यक्रम 23 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें गर्भवती धात्री माताओं एवं जन्म से 2 वर्ष तक के बच्चों का वजन, ऊंचाई, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना एवं 3-6 वर्ष तक के बच्चों के समुचित विकास के आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी अभिभावकों को प्रदान करना है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या हजारे ने बताया कि जीवन के पहले 6 वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास हो जाता है। स्वच्छ भोजन, बेहतर स्वास्थ्य मजबूत शरीर जिससे बच्चों का हर कदम पोषण की ओर अग्रसर हो। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी सहायिका सरिता मालवी, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम सरोज सिंह बघेल, गभर्वती धात्री तथा 3-6 वर्ष तक के बच्चे उपस्थित थे।

### नदी में मिला महिला का शव, सिर पर चोट के निशान

**बैतूल।** एक महिला का शव नदी में मिला है। मृतका की पहचान बाली जावलकर के रूप में हुई है। उसके सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या का संदेह गहरा गया है। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। टीआई अंजना धुर्वे के अनुसार, डायल 100 पर नदी में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को पानी से बाहर निकाल लिया था। शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टरों ने महिला के सिर पर चोट के निशान पाए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस और परिजनों के मुताबिक, बाली जावलकर पिछले लगभग एक साल से अपने मायके में रह रही थी। उसका अपने पति मोंगिया गाड़वा से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पति मोंगिया गाड़वा अक्सर ससुराल आता-जाता रहता था। शनिवार रात को भी वह ससुराल पहुंचा था, जहां उसका पत्नी से विवाद हुआ और वह रात में ही लौट गया। रविवार सुबह महिला गांव के पास नदी पर कपड़े धोने गई थी। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने उसे नदी किनारे कपड़े धोते हुए देखा था। कुछ देर बाद उसी बुजुर्ग ने महिला के पति को भीगे कपड़ों में वहां से भागते हुए देखा। संदेह होने पर बुजुर्ग ने नदी किनारे जाकर देखा तो महिला दिखाई नहीं दी। उसने तुरंत महिला के भाइयों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की और काफी खोजबीन के बाद महिला का शव नदी की गहराई में डूबा हुआ मिला।

## हाईकोर्ट के आदेश के पालन में हुआ पदभार ग्रहण, समर्थकों में उत्साह का माहौल

# 3 साल की कानूनी जंग के बाद नीतू परमार ने संभाली मुलताई नगरपालिका की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगरपालिका अध्यक्ष पद को लेकर लगभग साढ़े तीन वर्षों तक चली लंबी कानूनी जंग का आखिरकार पटाक्षेप हो गया। स्थानीय न्यायालय से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक चले इस बहुचर्चित मामले में हाईकोर्ट के फैसले के पालन में नीतू प्रहलाद परमार ने आज नगर पालिका अध्यक्ष का पदभार विधिवत ग्रहण कर लिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने उन्हें औपचारिक रूप से पदभार सौंपा।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद नीतू परमार ने पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, सहयोगी पार्षदों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि मां ताप्ती और खाटू श्याम के आशीर्वाद तथा आप सभी के सहयोग का परिणाम है। मेरा प्रयास रहेगा कि मां ताप्ती की इस पवित्र नगरी में विकास का नया अध्याय शुरू किया जाए। समारोह में पूर्व विधायक पी.आर. बोडख़े, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित शिवहरे, कमल सोनी, अंजलि शिवहरे, साजिदा जाकिर, निर्मला उबनारे, सुरेश पौनीकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

### पांच बार बदला अध्यक्ष पद अनोखा राजनीतिक घटनाक्रम

मुलताई नपा का बीता साढ़े तीन वर्षों का कार्यकाल राजनीतिक अस्थिरता और विवादों के लिए याद किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष पद पर कई बार बदलाव हुए, जिसने इसे एक अनोखा और चर्चित मामला बना दिया। नीतू परमार ने तीन बार अध्यक्ष पद संभाला एक बार चुनाव में 9 वोट प्राप्त कर दो बार न्यायालय के आदेश से वहीं वर्षा गड़ेकर को शासन द्वारा दो बार अध्यक्ष नियुक्त किया गया इस तरह कुल मिलाकर साढ़े तीन वर्षों में पांच बार अध्यक्ष पदभार ग्रहण हुआ, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड जैसा घटनाक्रम रहा। अस्थिर परिषद का असरः विकास पर पड़ा व्यापक प्रभाव राजनीतिक खींचतान में जनता को उठाना पड़ा नुकसान नगर परिषद की अस्थिरता का असर सीधे तौर पर शहर के विकास पर देखने को मिला। हालांकि कुछ लोगों को छोड़ दें तो राजनीतिक उठापटक का व्यक्तिगत स्तर पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा।




### कई निर्माण कार्य अधूरे या प्रभावित रहे गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे, लेकिन ठोस निगरानी का अभाव रहा

आर्थिक सुधार और योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान नहीं दिया जा सका प्रशासनिक स्तर पर भी निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हुई मुलताई में अक्सर सुविधा और संबंधों की राजनीतिः हावी रहने की बात कही जाती है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक अस्थिरता का सबसे बड़ा नुकसान आम जनता को ही उठाना पड़ता है। नई जिम्मेदारी, बड़ी चुनौती अब जबकि नीतू परमार ने पुनः अध्यक्ष पद संभाल लिया है, उनके सामने अगले 14 महीनों में नगर परिषद को स्थिरता देना और विकास कार्यों को गति देना सबसे बड़ी चुनौती होगी। नगरवासियों को उम्मीद है कि लंबे विवाद के बाद अब मुलताई में विकास, पारदर्शिता और सुशासन का नया दौर शुरू होगा।

### 30 हजार की ब्राउन शुगर जब्त, दो युवक गिरफ्तार



**बैतूल।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को 19 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक संदिग्ध हालत में ब्राउन शुगर बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से करीब 2 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लक्कीराज गोस्वामी और प्रभांशु डोंगरे के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में की गई।

## शिव परशुराम मंदिर में हवन पूजन

### ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जी का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया






**बैतूल।** सर्व सनातन ब्राह्मण समाज के द्वारा समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी का प्रगट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शिव परशुराम मंदिर बडोरा में भगवान गणेश, कार्तिकेय, नंदिदेव, भृंगीदेव, कीर्तिवीर्य, कुबेरदेव, भीलट देव, सिलट देव, वीरभद्र, बहसंख्यक रुद्र रुद्री सहित वासुकि नाथ भगवान शिव पार्वती उनके प्रिय सप्त ऋषि नव गृह, समस्त नक्षत्र देव एवं षोडश मातृकाओं सहित भगवान परशुराम जी के षोडशोपचार पूजन किया गया। अंत में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा विराट हवन में आहुति समर्पित कर शिव पंचायत सहित भगवान परशुराम जी की माह आरती सम्पन्न की गई। साथ ही शाम को परशुराम चौक पर आमला विधायक योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष नपा आनंद प्रजापति की उपस्थिति में फरसा पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुश्री उषा द्विवेदी महेंद्र दीक्षित, अध्यक्ष सुभाष पांडे, उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार डॉ.मयंक भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, विजय मिश्र, रमाकांत अवस्थी, सुरेंद्र दुबे, दुर्गेशनंदिनी अनूप मिश्रा, शेखर सुमण, आरती अवस्थी, तारा जोशी, नवीन मिश्र, संजय मिश्रा आदि रहे मौजूद।

## बच्चों के प्लेग्राउंड तक पहुंची

### आंगनबाड़ी में घुसी तेज रफ्तार बलेनो, ड्राइवर मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शहर के महावीर वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। एक तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर सडक़ से उतर गई और केंद्र की बाउंड्री तोड़ते हुए बच्चों के प्ले ग्राउंड तक जा पहुंची। घटना के समय बच्चे केंद्र में मौजूद नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी। केंद्र में घुसने से पहले कार ने वहां बने भगवान गणेश मंदिर के चबूतरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर बदल गई। बताया जा रहा है कि कार में दो लोग सवार थे। घटना के तुरंत बाद वे वाहन को लॉक कर मौके से फरार हो गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता तिवारी ने इस मामले की शिकायत पुलिस में की है। सूचना मिलने पर डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। केंद्र की सहायिका शांता ने बताया कि दोपहर में बच्चों को उनके घर छोडऩे के बाद वह केंद्र लौटी ही थीं कि उन्हें तेज आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो कार केंद्र के अंदर घुसी हुई थी और आसपास लोगों की भीड़ जमा थी। उन्होंने यह भी बताया कि जहां कार घुसी, वहीं बच्चे रोज खेलते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन ड्राइवर की तलाश जारी है। इस घटना ने आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में मजबूत बाउंड्री वॉल न होने पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सूचना के अधिकार कानून की गलत व्याख्या या जानकारी छुपाने की कोशिश?

# निजी स्कूलों की जानकारी पर बीआरसी का इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




मुलताई क्षेत्र में सूचना का अधिकार मजाक बनकर रह गया है, मांगी गई की जानकारी के एवज मे अधिकारी गलत तथ्यों का उपयोग कर आवेदक को गुमराह करते हैं। यहां तक की सूचना के अधिकार की धाराओं की अनुचित व्याख्या तक करने से नहीं कतराते यही कारण है कि जिला और प्रदेश सूचना आयोग में मुलताई के दर्जनों प्रकरण लंबित है। हाल ही में फिर जनपद शिक्षण केंद्र में ऐसा ही चौका देने वाला मामला सामने आया है जिसमें सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी को लेकर जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसी मुलताई द्वारा दिया गया जवाब अब सवालों के घेरे में है। आवेदक राम चरण मालवीय ने निजी स्कूलों की मान्यता एवं निरीक्षण (भौतिक सत्यापन) रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन विभाग ने इसे आरटीआई एक्ट 2005 की धारा 8(1)(द्ध) का हवाला देकर देने से इनकार कर दिया। अब यह मामला केवल सूचना न देने का नहीं, बल्कि आरटीआई कानून की गलत व्याख्या कर आवेदक को गुमराह करने का प्रतीत हो रहा है।

### क्या कहता है सूचना का अधिकार

सूचना के अधिकार की धारा 2(एफ) सूचना की परिभाषा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005के अनुसार, किसी भी प्रकार के रिकॉर्ड, दस्तावेज, रिपोर्ट, फाइल, डाटा को सूचना माना गया है यानी स्कूलों की मान्यता एवं निरीक्षण रिपोर्ट स्पष्ट रूप से सूचना की श्रेणी में आती है धारा 2(आई) सूचना प्राप्त करने का अधिकार नागरिक को सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध रिकॉर्ड देखने, कॉपी लेने का अधिकार है। यदि शिक्षा विभाग के पास स्कूलों की जांच रिपोर्ट मौजूद है, तो उसे देना अनिवार्य है।

धारा 8(1)(जे) कब रोकी जा सकती है सूचना? यह धारा केवल इन मामलों में लागू होती हैः जब जानकारी व्यक्तिगत हो जिसका जनहित से कोई संबंध न हो जिससे किसी की निजता प्रभावित हो बीआरसी का तर्क क्यों गलत माना जा रहा है? बीआरसी ने कहा कि यह निजी संस्था की जानकारी है, इसलिए नहीं दी जा सकती किंतु वास्तविकता यह है कि निजी स्कूल जब सरकार से मान्यता लेते हैं, वे सरकारी नियंत्रण और नियमों के अधीन आ जाते हैं।

उनकीः मान्यता प्रक्रिया ,निरीक्षण रिपोर्ट नियमों का पालन यह सब सार्वजनिक दस्तावेज बन जाते हैं जनहित का मुद्दाः शिक्षा व्यवस्था पर सवाल विशेषज्ञों के अनुसारः शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में पारदर्शिता जरूरी है यदि स्कूलों की जांच रिपोर्ट छुपाई जाती है, तो अवैध संचालन नियमों की अनदेखी छात्रों के हितों पर खतरा माना जाना चाहिए।

#### चर्चा करेंगे

निजी स्कूलों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है, जिसमें बीआरसी कार्यालय मुलताई मॉनिटरिंग तो करता है, किंतु यह जांच प्रतिवेदन बैतूल कार्यालय को भेज देता है। हम आवेदक को बुलाकर फिर से चर्चा करेंगे।

-आशीष शर्मा, बीआरसी, मुलताई

## बादल छाने से रात के तापमान में डेढ़ डिग्री की गिरावट

**बैतूल।** आसमान में बादल छाने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शनिवार रात न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री था। वहीं रविवार रात न्यूनतम पारे में करीब डेढ़ डिग्री की गिरावट आई और यह 21.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सोमवार को सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं, जिससे मौसम में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से सक्रिय हुआ प्रेशर सिस्टम अब अपना असर दिखा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इसी प्रेशर सिस्टम के कारण बैतूल और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बन रही है।

#### अगले 10 दिन बादल-बारिश के आसार

आमतौर पर अप्रैल के इस समय में तेज धूप और तपन के साथ गर्मी बढ़ती है, लेकिन इस बार बादलों की मौजूदगी ने तापमान में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 10 दिनों तक बैतूल में मिला-जुला मौसम देखने को मिलेगा। इस अवधि में अधिकतम तापमान 37 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 21 से 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। कई दिनों तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और बीच-बीच में धूप भी निकलेगी। हवा की दिशा में बदलाव के कारण उमस में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। पूर्वानुमान के मुताबिक, इस दौरान दो से तीन दिन हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं, खासकर शाम या रात के समय मौसम बदल सकता है। हालांकि, लगातार बारिश की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि प्रेशर सिस्टम सक्रिय बना रहता है, तो आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### आज आउटसोर्स कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन

**बैतूल।** वर्षों से शोषण झेल रहे प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मचारी भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में निर्णायक लड़ाई के मूड में है। भामसं के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने आंदोलन का ऐलान किया है। भामंस के जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे शहीद भवन के पास आउटसोर्स कर्मचारी एकत्रित होंगे और रैली निकालकर दोपहर 3 बजे कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपेगे। ऑउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संगठन अध्यक्ष अंशुल देशपांडे ने जिले के सभी आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

## बैतूल में बनाई मेजरमेंट कनेक्शन यूनिट, ऑनलाइन रहेगा डाटा

# पुलिस विभाग बना रहा अपराधियों की कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस विभाग ने अपराधियों का बायोडाटा बनाना शुरू कर दिया है। इसमें अपराधियों की ऊंचाई, चेहरे और शरीर के अलग-अलग एंगल से फोटोग्राफ और आंखों की आईरिस रेटिना की भी स्कैनिंग हो रही है, ताकि भविष्य में कोई अपराधी फरार होता है, या उसे पकडऩे की जरूरत पड़ती है, तो उसकी चाल-ढाल, चेहरे और फिंगर प्रिंट के डाटा के आधार पर उसकी लोकेशन को ट्रैस किया जा सके। इसके लिए मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट बनाई है। मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट में शुरुआती चरण में बड़े अपराधियों, पेशी पर आने वाले अपराधियों और संपत्ति संबंधी अपराध करने वाले अपराधियों का डाटा रखना शुरू कर दिया है। पुलिस विभाग ने इसके लिए मुख्यालय से उपकरण बुलवा लिए हैं। उपकरण में विशेष किस्म के एचडी कैमरे, परदे, फिंगर प्रिंट और आंख की पुतलियों को स्कैन करने वाली मशीनें शामिल हैं। शुरुआती चरण में फिलहाल कोर्ट में पेशी पर ले जाए जाने वाले कैदियों और बंदियों की आंखों, पुतलियों के साथ फिंगर प्रिंट और हाइट का रिकॉर्ड दर्ज हो रहा है। इस डाटा को सेव कर बैतूल के इस अपराधियों की कुंडली वाले डाटा को स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और फिर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के डाटा से जोड़ा जाएगा।

### चौराहों पर लगे कैमरों से मैच कर लोकेशन ट्रैस होगी

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इनेबल्ड और फेशियल रिकगनिशन एप्लीकेशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगे है। इन कैमरों की खाशियत यह है कि यह अपराधियों के चेहरे, स्केच, फोटो, आंख की पुतलियों, चाल के डाटा से मेल खाते हुए लोगों के दिखाई देने पर अलर्ट जारी करते है। इससे अपराधियों की धरपकड़ आसान हो जायेगी। यह कैमरे एचडी यानी हाई डेफिनेशन और नाइट विजन वाले है, जो लोगों की आंखों की पुतलियों, चेहरे और चाल की स्कैनिंग करने में सक्षम है। कैमरे जो भी रिकॉर्ड करेंगे, उससे पुलिस विभाग की ओर से अपराधियों के फोटोग्राफ, पुतलियों का डाटा मैच किया जाएगा। यदि कोई भी फरार आरोपी का डाटा इससे मैच खाएगा, तो इन कैमरों का एप्लीकेशन तुरंत इस तरफ संकेत दे देगा और अपराधियों को तुरंत पकडऩा आसान हो जाएगा।



### आधार जैसे तैयार किया जा रहा अपराधियों का डाटा

अपराधियों को पकडऩे के लिए पुलिस विभाग अब आधार जैसा डाटा और अपराधियों की अलग से कुंडली बनाने का काम किया जा रहा है। इससे पुलिस को क्राइम के संबंध में इंवेस्टिगेशन करने में भी काफी मदद मिलेगी, क्योंकि मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट में अपराधियों की ऊंचाई, चेहरे और शरीर के अलग-अलग एंगल से फोटोग्राफ और आंखों की आईरिस रेटिना की भी स्कैनिंग रहेगी। किसी जगह पर फिंगर प्रिंट का उपयोग करने पर उस अपराधी की लोकेशन सामने आ जाएगी। फिलहाल यह व्यवस्था मुख्यालय पर ही रहेगी। भविष्य में स्टाफ की व्यवस्था होने पर यह सिस्टम जिले के सभी 17 थानों में लागू की जाएगी, हर थाने में इस तरह के उपकरण, फिंगर प्रिंट लेने वाली और बायोमैट्रिक किस्म की मशीन लगाई जाएंगी।

### निजता के कानून के तहत नहीं लिया जा सकता आधार का डाटा

बताया जा रहा है कि पुलिस विभाग जो डाटा जमा कर रहा है, वह आधार के डाटा से भी लिया जा सकता है। लेकिन आधार का डाटा इसीलिए नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि निजता के नियम यानी प्राइवेसी के तहत किसी का प्राइवेट डाटा नहीं लिया जा सकता है। इसी कारण पुलिस विभाग अपना पर्सनल अलग से अपराधियों का डाटा तैयार कर रहा है। इसका उपयोग वह अपने कामों में करेगा। शुरुआत में अधिक अपराध करने वाले अपराधियों और संपत्ति संबंधी अपराध करने वाले अपराधियों का डाटा इक_ा किया जा रहा है। हर थाने में यह सिस्टम तब लगेगा जब स्टाफ की व्यवस्था हो जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा डाटा को स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और फिर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरों से जोडऩे की प्रक्रिया चल रही है।

#### यूनिट बनाई है

अपराधियों की मॉनिटरिंग और उनकी धरपकड़ आसान करने के लिए मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट बनाई है, इसमें उपकरण लगाए गए हैं। शुरुआत में अधिक अपराध करने वाले अपराधियों और संपत्ति संबंधी अपराध करने वाले अपराधियों का डाटा इक्टठा किया जा रहा है।

- **वीरेंद्र जैन,** एसपी, बैतूल

### जंगल में रास्ता रोककर लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** भैंसदेही पुलिस ने अपहरण, मारपीट एवं लूट की घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। फरियादी अमन पिता विमल आरसे (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम उमरवानी थाना कोतवाली बैतूल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 19 अप्रैल को प्रातः लगभग 4-5 बजे वह अपने साथी सोहन कुमरे के साथ पिकअप वाहन से चार बेल चांदूर बाजार ले जा रहा था। ग्राम हीरादेही रोड जंगल क्षेत्र में अज्ञात 7-8 व्यक्तियों द्वारा रास्ते में पत्थर रखकर वाहन रोका गया एवं फरियादी व उसके साथी के साथ मारपीट की गई। आरोपियों द्वारा फरियादी को मोटरसाइकिल एवं उसके साथी को पिकअप सहित जंगल की ओर ले जाया गया। आरोपियों ने फरियादी के पिकअप वाहन के चार पहिए बदल लिए, 4 बैल लूट लिए तथा फरियादी के भाई से 35,000 गुगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवाए। मुख्य आरोपी पिंकेश द्वारा उक्त राशि अपने जीजा के खाता नंबर में डलवाए गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस शिकायत पर धारा 310(1), 126(2), 140(3) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पिंकेश पिता धनु बछले (24 वर्ष), निवासी मोराड आठनेर, राजू पिता अमरलाल गोहे (24 वर्ष), निवासी अजबगढ़ चौकी मासोद, अजय आठोले पिता बलदेव आठोले (25 वर्ष), निवासी खड़ेगांव थाना अंजनगांव जिला अमरावती और अरुण गोहे पिता संतोष (23 वर्ष), निवासी अजबगढ़ चौकी मासोद को गिरफ्तार कर 1. पिकअप वाहन, मोटरसाइकिल, बैल और 35000 रूपये बरामद किये है।

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाहपुर जिला बैतूल के मर्ग क्रमांक-41/2025 धारा 194 बीएनएसएस में अज्ञात पुरूष, जिसकी उम्र 35 से 38 वर्ष करीबन होगी, जो फांसोबाढ़ तिराहे के पास, कांसा के कार्यालय के बगल में, अमरूद के पेड़ के बगीचे में, दिनांक 14/07/2025 को फांसी पर लटका मिला है, मृतक का हुलिया है। बदन गठिला, रंग सांवला, कमर में भूरा बरमूडा व सेन्डो बनियान, जिसमें काले रंग की किनार बनी है, अज्ञात है। जिसका फोटो उपरोक्त अनुसार है। मृतक की जिसको भी जानकारी हो, तो थाना शाहपुर (बैतूल) को या पुलिस कंट्रोल रूम को संपर्क करे।

मोबा. नं.- 9479990335, 7000936473, 7049101017

खबर संक्षेप

## महात्मा गांधी कॉलेज में अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण



**इटारसी।** भारत की आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रगणकों और अधिकारियों को जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 34 प्रमुख बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि इस बार डेटा संग्रहण डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। जनगणना के दौरान मकान की स्थिति, पेयजल, शौचालय, बिजली और ईंधन जैसे हाउस-लिस्टिंग से जुड़े सवालों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों की व्यक्तिगत जानकारी भी जुटाई जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना के आंकड़े सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण में आधार का काम करते हैं, इसलिए डेटा की सटीकता और गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ फील्ड वर्क करने के निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश खाद-बीज दुकानों का अधिकारी करें सघन निरीक्षण

# उर्वरकों का विक्रय ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए: उपसंचालक

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने खाद बीज के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए अधिकारियों को खाद बीज दुकानों का सघन निरीक्षण किये जाने के अधिकारियों के निर्देश दिए हैं। जिसके पालन में सोमवारा को निरीक्षण किया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश एवं उपसंचालक कृषि नर्मदापुरम डॉ. रविकांत सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को शहर की विभिन्न खाद-बीज दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तोमर एग्रो एजेंसी, शंकर खाद बीज भंडार, साक्षी एग्रो एजेंसी तथा रेवा कृषि सेवा केंद्र सहित अन्य प्रतिष्ठानों का जायजा लिया गया।

निरीक्षण दल में जिला कार्यालय से सहायक संचालक कृषि श्री शैलेंद्र राठौर, डॉ. राजीव यादव एवं विकासखंड नर्मदापुरम से कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजकुमार उईके उपस्थित रहे। इस दौरान दुकानों के स्टॉक पंजी, बिल बुक, गोदाम में उपलब्ध उर्वरकों की भौतिक स्थिति का परीक्षण किया गया। साथ ही पीओएस मशीन एवं ई-टोकन उर्वरक प्रणाली में दर्ज आंकड़ों का भी मिलान किया गया।

सहायक संचालक कृषि श्री शैलेंद्र राठौर ने बताया कि सभी दुकानों के निरीक्षण का प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की कमी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उपसंचालक कृषि डॉ. रविकांत सिंह ने जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक जिले में 16 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं, जबकि 28 विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में संबंधितों के लाइसेंस निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

### पोर्टल से ही विक्रय

सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि उर्वरकों का विक्रय शत-प्रतिशत ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए। अन्यथा संबंधित विक्रेताओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शहर में लोडिंग वाहनों की अवैध पार्किंग से छुटकारा

### मुख्य बाजार क्षेत्र में वाहनों से लगता है जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार में रोजाना शाम लोडिंग वाहनों ओ बीच सड़क पर खड़ेकर सामग्री उतारने पर रोक नहीं लग पा रही है। रोजाना शाम को लोडिंग वाहन श्रीराम चौक से लेकर कमानिया गेट मार्ग होते हुए बिहारी चौक रोड तक मुख्य मार्ग पर खड़े कर दिए जाते हैं तथा घंटों सामग्री अनलोड की जाती है।

जिसके कारण नागरिकों को बहुत अधिक परेशानी होती है। नागरिकों ने समस्या समाधान की अपेक्षा प्रशासन से की है।

### नारी शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत निकाली पदयात्रा

**माखन नगर।** माखननगर के ग्रामीण क्षेत्रों में नारी शक्ति वंदन योजना अंतर्गत पदयात्रा निकाली गई एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच विशाल मालवीय की मौजूदगी में किया गया कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मान एवं अधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

## 38 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़कों का किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में रामनगर कालोनी में लंबे समय से पड़े काम पूरे करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरपंच माधुरी पंचम सिंह बैंकर के द्वारा पंचायत क्षेत्र में लगातार विधायक ठाकुरदास नागवंशी की निधि से ही लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपए से सड़क मार्ग ही तैयार किए जा रहे हैं। लगभग 38लाख 26हजार रुपए की राशि स्वीकृत मिली तथा भूमि पूजन कर तुरंत कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी मुख्य अतिथि भाजपा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नवनीत नागपाल पुरषोत्तम रघुवंशी सुजीत रघुवंशी पवन वालिया मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी जनपद पंचायत खुबचंद रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय गुलाब बैंकर ब्रज किशोर पठारिया सचिव एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## जनगणना प्रगणकों का प्रशिक्षण: 32 सवालों से दर्ज होगी शहर ग्रामीण की आर्थिक सामाजिक कुंडली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पहली बार पहले चरण का प्रशिक्षण दिया गया। नगरपालिका परिषद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य संजीव दुबे ने नगर की भविष्य की योजना ओर विकास का आधार बनाने वाले जनगणना कार्य को जमीन पर लाने के लिए प्रशिक्षण महाअभियान मे सहभागी बने। 3दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है।इस दौरान प्रगणकों को मकान सूची करण के बारे में डिजिटल के माध्यम से डेटा संग्रह करने की बारीकियां सिखाई। जनता से पूछेंगे 32सवालो को प्रगणकों को मकान में पहुंच कर ही सवाल पूछता है। मकान से जुड़े सवाल यह पूछे जाने वाले हैं।भवन नंबर जनगणना मकान नंबर फर्श किस चीज का है।दीवार किस चीज की है।छत किस चीज का है। मकान का उपयोग रहने या दुकान में किया जा रहा है। मकान की हालत कैसी है।परिवार से जुड़े सवाल घर का नंबर कुल कितने लोग रहते हैं। परिवार के मुखिया का नाम मुखिया का वर्ग मकान निजी या किराए का शादियां कितने की हुई है। कमरों की संख्या मुखिया से जुड़े सवाल पीने का पानी कहां से आता है। बिजली की व्यवस्था है कि नहीं शौचालय हैं या नहीं इस तरह से अनेकानेक सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं 34सवाल होंगे उनकी सही जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तो आगे बढ़ते हुए विकास कार्य पर चर्चा करते हुए कहा है की जानकारी सही उपलब्ध कराना है।

### सीबीएससी में 10वीं में 98.2 प्र.अंक प्राप्त कर नैतिक शहर के 'टॉपर'

**इटारसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा



बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में इटारसी के होनहार छात्र नैतिक तिवारी ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। स्थानीय सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के छात्र नैतिक ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में प्रथम स्थान हासिल किया है। गणित में बनाए 'शतक' का रिकॉर्ड नैतिक की इस सफलता में सबसे खास बात उनका गणित विषय में प्रदर्शन रहा। उन्होंने मैथ्स स्टैंडर्ड में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी विशिष्ट योग्यता साबित की है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। जिले और शहर की मेरिट में स्थान इटारसी शहर: प्रथम स्थान पर रहे।

## ब्लॉक में एचपीवी वैक्सीनेशन में प्राप्त की शत प्रतिशत सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक में एचपीवी वैक्सीनेशन के अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की गई है। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत 14 वर्ष की किशोर बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण लक्ष्य 1378 के अनुरूप 1385 (101%) उपलब्धि प्राप्त की गई है। यह उपलब्धि अनुविभागीय अधिकारी प्रियंका भलावी के निरंतर मार्गदर्शन के चलते प्राप्त हुई है। बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार इस लक्ष्य को प्राप्त करने में स्वास्थ्य विभाग के समस्त मैदानी कर्मचारियों आशा कार्यकर्ताओं, सीएचओ व एएनएम सहित शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ ।

## किशोर सम्मेलन के लिए बैठक संपन्न हुई किशोरों को सम्मेलन सफल बनाने सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



23 अप्रैल को आयोजित होने वाले किशोर सम्मेलन को लेकर गत दिवस काली मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर के सभी 15 वार्डों के वार्ड प्रभारी गटनायक तय किये गए हैं। सभी गटनायकों को किशोर सम्मेलन को सफल बनाने के दायित्व दिये गए हैं। साथ ही वार्ड क्षेत्रों से किशोर बालकों को सम्मेलन में आमंत्रित करने का कार्य भी सौंपा गया है। बैठक में बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर के सुभाष वार्ड से मनोजीत, अंबेडकर वार्ड बाबू मेहरा, रघुवंशीपुरा वार्ड से सत्यम रघुवंशी व रुपेश रघुवंशी, गांधी वार्ड से मनोज अग्रवाल व ऋषभ गढ़वाल, जवाहर वार्ड से शरद चौरसिया व अनुज श्रोती, मातापुरा वार्ड से अभिषेक चौहान व भरत तिवारी, राजेंद्र वार्ड से सौरभ कसेरा व अनमोल खंडेलवाल, किलापुरा वार्ड से प्रेम विश्वकर्मा व आशीष डोनीवाल, रामगंज वार्ड से हिमांशु गुर्जर व राकेश पुरी गोस्वामी, सरदार वार्ड से प्रशांत मालवीय व भारत साहू, शास्त्री वार्ड से लकी किसनानी व तरुण पठारिया, रामप्रसाद वार्ड से आशीष विश्वकर्मा व आशीष पुरोहित, इंदिरा वार्ड से नीलम पटेल व जितेंद्र बैरागी, तिलक वार्ड से शुभम दुबे व देव पाली गटनायकों में शामिल हैं।

### सामूहिक विवाह में पहुंचे कांग्रेस नेता, दिया आशीर्वाद




**इटारसी।** चौरिया कुर्मी समाज द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कमलेश्वर पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय, नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी और वरिष्ठ समाजसेवी चन्द्रगोपाल मलेया सहित अन्य अतिथियों ने 31 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय ने सभी 31 जोड़ों को पौधे भेंट किए और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

## कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित समारोह के 30 हजार लोग बने साक्षी, चौरिया कुर्मी समाज के 31 जोड़ों का हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सोमवार को चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति द्वारा 15वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित इस विराट समारोह में 31 नव युगल जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज के साथ जीवन की नई पारी शुरू की। इस भव्य आयोजन में जिले भर से आए 30 हजार से अधिक सामाजिक बंधुओं और विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गजों ने शिरकत की।

समारोह की शुरुआत प्रिंस मैरिज गार्डन से निकली बारात से हुई, जो राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए मंडी प्रांगण पहुंची। यहां विद्वान आचार्य मुरारी उपाध्याय के नेतृत्व में 31 ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ वैवाहिक रस्में पूरी कराईं।

जयमाला कार्यक्रम के पश्चात नव जोड़ों को समाज की ओर से श्री रामचरितमानस, प्रमाण पत्र और गृहस्थी का सामान कूलर, वॉटर कैन, आभूषण आदि भेंट किया गया।

### दिग्गज नेताओं का लगा जमावड़ा

कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, रामखेलावन पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सांसद व विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि चौरिया कुर्मी समाज का यह आयोजन फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक एकजुटता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### व्यवस्था और सेवा

50,000 वर्ग फीट में फैले विशाल पंडाल में दोपहर से शाम तक भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कुशल पटेल, केडी चौरे सहित पूरी कार्यकारिणी और युवा टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अरुण पटेल ने किया एवं आभार नवल पटेल ने व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सिवनी मालवा में सामूहिक विवाह सम्पन्न

# 24 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, थामा एक दूजे का हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नगर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय रामवाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 24 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, परंपरा और जनसहभागिता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

### नगर पालिका भवन से निकली पारंपरिक बारात

कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका भवन के सामने से पारंपरिक बारात के साथ हुई, जहां दूल्हों को घोड़ों पर बैठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच निकली इस बारात में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश रिंकू जैन, सीएमओ अमर सिंह उइके, पार्षदगण, नगर पालिका कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक बाराती के रूप में शामिल हुए। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राम जानकी मंदिर पहुंची।

राम जानकी मंदिर परिसर में पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सभी जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। वर-वधू ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए तथा जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह की सभी पारंपरिक रस्में श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुईं।


### जोड़ों के लिए की गई विशेष व्यवस्थाएं

नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजन स्थल पर भोजन, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे वर-वधू और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत सहायक योजना है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं तथा विवाह जैसे महत्वपूर्ण संस्कार को सरल और सुलभ बनाते हैं। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। नगर पालिका एल्डरमेन देवी कुशवाहा एवं कमलेश लौवंशी, जो गायत्री परिवार से जुड़े हैं, ने आयोजन में विशेष सहयोग दिया। देवी कुशवाहा ने विवाह में गायत्री पद्धति को लेकर सहयोग किया तथा विदाई अवसर पर भावनात्मक गीत प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ का विस्तार, कंचन पिरथानी तहसील अध्यक्ष डोलरिया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा





मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला नर्मदापुरम द्वारा संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की नियुक्तियां घोषित की गई हैं। जिला अध्यक्ष अंजू नारोलिया एवं जिला सचिव शैलेंद्र सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से आदेश जारी कर विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार श्रीमती कंचन अमित पिरथानी (पटवारी) को तहसील अध्यक्ष डोलरिया नियुक्त किया गया है। वहीं श्रीमती श्वेता गौर (नगर सर्वे) को विकासखंड अध्यक्ष नर्मदापुरम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। देवेंद्र कुमार सुलेखिया, सहायक ग्रेड-3 को विकासखंड सचिव तथा श्रीमती दीपा तोमर, प्राथमिक शिक्षक को विकासखंड कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला नेतृत्व ने कहा कि नई नियुक्तियों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा और संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी। नव नियुक्त पदाधिकारी कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नियुक्ति की घोषणा के बाद कर्मचारी वर्ग में उत्साह का माहौल देखा गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों को विभिन्न संगठनों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मध्य प्रदेश शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राममोहन रघुवंशी, संभागीय अध्यक्ष राजेश पांडे, जिला अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा सहित राकेश कुमार साहू, हरिप्रसाद परेवा, भागीरथ योगी, राकेश पवार, यशवंत सिंह ठाकुर, लोकेश गौर, शैलेंद्र रामटेके, संतोष सोलंकी, रामचंद्र गौर, विनय मसीह, महेश हरियाले एवं अन्य कर्मचारियों ने बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नई टीम के गठन से जिले में कर्मचारी एकता को नई दिशा मिलेगी और कर्मचारियों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील

**हरदा।** जनगणना 2027 के तहत 16 अप्रैल से स्वगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 30 अप्रैलतक की अवधि में संपादित किया जाएगा। नागरिकों को स्व गणना की सुविधा के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल के माध्यम से पहली बार यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगणकों द्वारा एक मई से 30 मई 2026 की अवधि में सम्पादित किया जाएगा, जिसके जिले में सफल संचालन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, इससे जिले की जनगणना का कार्य तेजी से पूर्ण हो सकेगा। स्वगणना की प्रक्रिया बहुत सरल है। इसे आसानी से पूर्ण किया जा सकता है।

### स्वास्थ्य परीक्षण, सह विधिक साक्षरता शिविर 25 को लगेगा

**हरदा।** जिला जेल, हरदा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया 25 अप्रैल को जावेगा। शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाना है ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। शिविर में प्रत्येक कैदी को हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध करवाया जावेगा। हेल्थ कार्ड में बीमारी के विवरण के साथ उसे क्या करना है, क्या नहीं करना है, क्या खाना है, क्या नहीं खाना है, सभी विवरणों का उल्लेख होगा। स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया जावेगा, जिसमें नालसा व सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी तथा संबंधित बंदियों के लिए नियुक्त पैनल अधिवक्ताओं व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से उनके प्रकरण की यथा स्थिति से अवगत कराने के साथ-साथ जरूरतमंद बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जावेगी।


### जल गंगा संवर्धन अभियान, बच्चों को बताया जल का महत्व

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधनी के एकलव्य स्कूल में पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बच्चों को जल की उपयोगिता एवं उसके संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पानी की बोतलें वितरित की गईं। इस अवसर पर बच्चों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार अभियान के अंतर्गत नगर परिषद की टीम द्वारा वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनका त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही नागरिकों को जल का अपव्यय न करने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## अबगांवखुर्द, टिमरनी व खिरकिया में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: 200 जोड़े 7 वचन लेकर जीवन की नई राह पर चल पड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा द्वारा ग्राम अबगांवखुर्द में 29 जोड़े व नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मण्डी टिमरनी में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी प्रकार नगर परिषद खिरकिया द्वारा 20 जोड़ों को सामूहिक निकाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। टिमरनी के कृषि उपज मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 151 जोड़ो का सामूहिक विवाह समारोह पूरी रीति नीति एवं विधि विधान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रैन बसेरा रोड़ से घोड़े, बग्गी पर सवार होकर निकले दूल्हे राजाओं एवं उनके परिजनों ने बारात में हर्षोल्लास के साथ सामूहिक नृत्य किया तथा कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीयो ने बारातियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक संजय शाह, नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज एवं पार्षद सुनील दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज सेवियों व जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित दंपत्तियों को उपहार भी वितरित किये। इस दौरान अतिथियों ने वर-वधु को विवाह प्रमाण पत्र एवं राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर समाजसेविका शैलजा शाह, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजा कौशल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनीत गीते, भाजपा जिला मंत्री निशा दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, बलराम डूडी, एसडीएम संजीव कुमार नागू, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद खिरकिया द्वारा आयोजित सामूहिक निकाह समारोह में 20 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान विधायक डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल तथा जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान अतिथियों ने वर-वधू को विवाह प्रमाण-पत्र तथा राशि के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किये। जनपद पंचायत हरदा द्वारा ग्राम अबगांव खुर्द में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा विवाह प्रमाण-पत्र व राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किये।

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की

# व्यापारी के बैग चोरी मामले में 2 को गिरफ्तार किया

### सीसीटीवी कैमरों और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




रविवार शाम बोहरा मस्जिद वाली गली में हरसूद के एक व्यापारी का लेदर बैग चोरी हो गया। लोडिंग के दौरान पिकअप गाड़ी से यह बैग चुराया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस चोरी में एक नाबालिग का भी इस्तेमाल किया गया था।

सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी ने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को शाम को सौरभ सोनी (32), निवासी वार्ड नंबर 4, सेक्टर 5, नया हरसूद, खंडवा ने शिकायत दर्ज कराई थी। सौरभ हरदा में अपने व्यवसाय के सिलसिले में आए थे और बोहरा मस्जिद के पास अपनी लोडिंग पिकअप में सामान लोड करवा रहे थे।शिकायतकर्ता के अनुसार, पिकअप के केबिन के कांच खुले हुए थे, जिसमें उनका लेदर साइड बैग रखा था। बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेज, नारजो कंपनी का नीले रंग का मोबाइल और लगभग 6000 रुपये नकद थे। अज्ञात व्यक्ति यह बैग चुरा ले गया। सौरभ सोनी की शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 126/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने 20 से अधिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान की। कुछ ही घंटों में पुलिस ने विष्णु पिता जगन्नाथ, निवासी डबल फाटक के पास, थाना कोतवाली हरदा, और सजन पिता राजू बाबा सोलंकी (22), निवासी तहसील के सामने, सिवनी मालवा को गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों आपस में दोस्त हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। टीआई तिवारी ने यह भी बताया कि एक आरोपी पर पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

# 8 टीमों ने गांव-गांव जाकर दूल्हे-दुल्हनों के आईडी कार्ड जांच बाल विवाह पर लगाम कसी

## विधिक सेवा प्राधिकरण की टीमों ने बाल विवाह नहीं करने कहा

**अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के प्रति लोगों में जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से गठित 8 लीगल एड टीमों ने गांव-गांव जाकर दूल्हे-दुल्हनों के आईडी कार्ड जांच कर बाल विवाह होने की संभावनाओं पर लगाई लगाम।

जिले में सोमवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम एवं नालसा बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं के आलोक में आमजनों को जागरूक करने के लिए पैरालीगल वॉलंटियर्स और अधिवक्तागण की कुल 08 लीगल एड टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर दौरा किया गया। सदस्यों ने जिला मुख्यालय हरदा, तहसील टिमरनी, खिरकिया, रहटगांव, हण्डिया में चिन्हित किए गए हाईरिस्क गांवों में जाकर, विवाह होने वाले घरों में परिवार के सदस्यों से मुलाकात की तथा उन्हें बाल विवाह के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान वर एवं वधु की उम्र के प्रमाणीकरण के संबंध में उनके दस्तावेजों की जांच भी की गई। आमजन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के पंपलेट्स वितरित किए गए तथा लोगों को बताया गया कि यदि उन्हें उनके आसपास, बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त होती है तो वह तत्काल जिला स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम में सूचित करें। अभियान की मॉनीटरिंग तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन तथा सभी शासकीय विभागों से समन्वय स्थापित करने का कार्य जिला विधिक सहायता अधिकारी व नोडल अधिकारी सौरभ कुमार दुबे द्वारा किया गया।

## पीयूष बंसल से जुड़े एक कथित वायरल दस्तावेज का मामला

# बजरंग दल ने लेंसकार्ट शोरूम पर विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सोमवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर के अस्पताल चौराहे के पास स्थित लेंसकार्ट शोरूम पर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन लेंसकार्ट के सीईओ पीयूष बंसल से जुड़े एक कथित वायरल दस्तावेज के विरोध में था।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शोरूम के कर्मचारियों को तिलक लगाया और उनके हाथों में कलावा बांधा। सोशल मीडिया पर एक कथित दस्तावेज वायरल हुआ था, जिसमें धार्मिक प्रतीकों को लेकर आपत्तिजनक निर्देश होने का दावा किया गया था। इस दस्तावेज में कथित तौर पर लिखा था कि ₹हिजाब तो अलाउ है, लेकिन कलावा, बिंदी या माथे पर सिंदूर नहीं दिखना चाहिए।

₹ इस दावे के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और यह मामला तेजी से चर्चा में आ गया। हालांकि, इस कथित दस्तावेज की सत्यता की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी कथित दस्तावेज के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ता हरदा स्थित लेंसकार्ट शोरूम पर पहुंचे। उन्होंने शोरूम में कार्यरत कर्मचारियों के माथे पर तिलक लगाया और उनके हाथों में कलावा बांधा। बजरंग दल के जिला संयोजक मयूर मराठा ने इस दौरान कहा कि किसी भी धर्म, संस्कृति या परंपरा के प्रतीकों के साथ भेदभाव स्वीकार्य नहीं होगा।

कार्यकर्ताओं ने कंपनी प्रबंधन को भविष्य में ऐसे किसी भी कथित विवादित आदेश या बयान से बचने की चेतावनी दी। प्रदर्शन के दौरान मौके पर कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। इस प्रदर्शन में मयूर मराठा, रोहित लाठी, लोकेश विश्नोई, करण चौहान, प्रतीक गौर, कामेश पटेल, भरत चौहान और उदय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 104 छात्राओं को दिया गया कंप्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग व पाइथन प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण



**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंडो जर्मन टूल रूम (IGTR), इंदौर द्वारा 06 अप्रैल से 18 अप्रैल तक छात्राओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट विभाग की कुल 104 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं पाइथन प्रोग्रामिंग का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के कौशल विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार करते हैं। इस अवसर पर डॉ. स्मिता शर्मा, श्वेता यादव, डॉ. पंकज जैन एवं पूजा जारोलिया उपस्थित थे।

# प्रेक्षा बनवैया ने कक्षा दसवीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**सीहोर ।** सीहोर प्रेक्षा बनवैया ने कक्षा दसवीं सीबीएसई 92 प्रतिशत आईईएस स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है उसके साथ ही शहर का नाम भी रोशन किया है । छात्रा प्रेक्षा बनवैया ने कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सफलता हासिल की है इस का श्रेय उन्होंने स्कूल प्रबंधन और अपने माता पिता को दिया है उन्ही के आशीर्वाद और मेहनत से सफलता प्राप्त की है । छात्रा प्रेक्षा बनवैया के पिता सतीश बनवैया माता डाक्टर संगीता बनवैया है उन्होंने बताया कि हमारी बेटी हमेशा से पढ़ाई में रुचि रखती है और कड़ी मेहनत करती है ये उसी का परिणाम है कि आज उसने इतने अच्छे परसेंटेज बनाकर हमारा नाम रोशन किया हमारे दिल को बहुत गर्व महसूस हो रहा है में स्कूल प्रबंधन को बधाई और धन्यवाद देता हूँ और अपनी बेटी को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते है ताकि वह आगे चलकर और सफलता प्राप्त कर शहर का नाम रोशन करे और हमे गर्व महसूस कराये । छात्रा प्रेक्षा बनवैया की इस उपलब्धि पर शहर वासियों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई दी है । इसके साथ ही शहर के लोकप्रिय विधायक सुदेश राय एवं शहर के कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है ।

## यजमान ने परिक्रमा मार्ग पर जवारे बोने का कार्य किया

# 26 को किया जाएगा पंच कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी कोलीपुरा के तत्वाधान में आगामी 26 अप्रैल से होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। रविवार को मंदिर की ओर से 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत माधवदास महाराज, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अरुणा सुदेश राय, पंडित पूनम चंद्र व्यास, बजरंग दल प्रमुख जगदीश कुशवाहा, शाही सवारी प्रभारी सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, यज्ञ के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार पंकज पजवानी आदि ने विधि-विधान से परिक्रमा मार्ग पर ज्वारे आदि बोए।

संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाले पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत 25 अप्रैल से भव्य शाही सवारी से की जाएगी। भव्य शाही सवारी महाकाल/पुरी की तर्ज पर शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर से निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोलीपुरा स्थित प्राचीन मंदिर पर पहुंचेगी। यात्रा में देश भर से आए नागा साधु, संत कथा वाचक और निहंग सरदार आदि के साथ ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश धारण कर यात्रा में शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया कि भगवान नरसिंह शक्ति और सुरक्षा के प्रतीक हैं, जबकि माता लक्ष्मी धन और समृद्धि की देवी हैं। जब इन दोनों की संयुक्त रूप से उपासना की जाती है, तो भक्त को लक्ष्मी-नृसिंह कृपा प्राप्त होती है, जो जीवन से सभी बाधाओं को मिटाकर ऐश्वर्य प्रदान करती है।

### सरगम के साथियों ने सजाई सुरमयी शाम, पुराने गीतों की गूंज से महका माहौल

**सीहोर।** शहर में "सरगम के साथियों" के बैनर तले कलाकारों को मंच प्रदान करने हेतु राजेश काशिव एवं सीमा जोशी द्वारा क्रिसेंट वाटर पार्क के सभागृह में एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम "सुरमयी शाम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी अरुणा राय उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश काशिव एवं प्रसिद्ध गायिका सीमा जोशी द्वारा सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि नगर में एक मंच की आवश्यकता थी जो गायकों को मंच प्रदान करे।जिसे सरगम के साथियों ने पूरा किया। समाजसेवी अरुणा राय ने सभी गायकों को श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। उन्होंने ने इस संगीतमय शाम में स्वयं भी गाना गाकर सबका मन मोह लिया। मधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक सुदेश राय द्वारा प्रथम तीन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों देने गायक कलाकारों को नगद पुरस्कार प्रदान किए।

# गोवंश के लिए सूखी टंकियों में पानी भरेंगे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ता



**सीहोर।** गर्मी बढ़ते ही पानी की कमी महसूस होने लगी है नागरिकों के गले प्यास से सुख रहे हैं ऐसे में गोवंश को भी पर्याप्त पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। गोवंश की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अक्षय तृतीया की शुभ तिथि से शहर के अनेक चौक चौराहों और प्रमुख सड़कों के किनारो गली मोहल्ले में रखी पानी की सूखी टंकियां में गाय बछड़ों बेल नंदी महाराज सांडो के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने का पुनीत संकल्प लिया है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला पदाधिकारी आशीष कुशवाहा ने बताया कि प्रतिवर्ष बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर की सड़कों पर आवारा घूमने वाले गाय बछड़ों बेल नंदी महाराज सांडो सहित पक्षियों के लिए ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराता है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा गौ सेवा के निमित्त शहर के गल्ला मंडी, सब्जी मंडी, नमक चौराहा, बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, कोतवाली चौराहा, भोपाल नाका, इंदौर नाका नरसिंहगढ़ नाका, शक्कर फैक्ट्री चौराहा पावर हाउस चौराहा, नदी चौराहा, कोलीपुरा, गंगा आश्रम सहित अन्य स्थान पर बीते साल पानी की टंकी यहां रखी गई है। इन सभी सुखी पानी की टंकी में टैंकरों के माध्यम से अक्षय तृतीया के बाद प्रतिदिन पानी डाला जएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने समस्त सनातन धर्म के नागरिकों से गोवंश और पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने की अपील की है।

### उपजेल में लगेगा स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर

सीहोर। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर जिला जेल एवं भैरूंदा उप जेल में 25 अप्रैल को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बंदियो बंदियों को विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।